# सच्चा धर्म क्या है?

लेखक

अब्दुल्लाह बिन अब्दुल अज़ीज़ अल्-ईदान

अनुवादकः अताउर्रहमान ज़ियाउल्लाह

संशोधनः जलालुद्दीन एवं सद्दीक़ अहमद

# ما هو الدين الحق؟

(باللغة الهندية)

تأليف: عبدالله بن عبدالعزيز العيدان

ترجمة: عطاء الرحمن ضياء الله

مراجعة: جلال الدين وصديق أحمد


المكتب التعاوني للدعوة وتوعية الجاليات بالربوة

هاتف: ٩٦٦١١٤٤٥٤٩٠٠+ فاكس: ٩٦٦١١٤٩٧٠١٢٦+ ص ب: ٢٩٤٦٥ الرياض: ١١٤٥٧

ISLAMIC PROPAGATION OFFICE IN RABWAH

P.O.BOX 29465 RIYADH 11457 TEL: +966 11 4454900 FAX: +966 11 4970126

# वषय सूची

# सं क्षप्त परिच

इस पुस्क में धर्म का अर्थ और उसके प्रकार, मानव को धर्म की आवश्यकता, इस्लामी अक़ीदे की वशेषताएं, जीवन के तमाम पहलुओं में इस्लाम की सत्यता, इस्लाम में क़ानून साज़ी के स्रोत और इस्लाम के स्तम्भों का उल्लेख है। यह पुस्तक सच्चे धर्म के अभलोषी के लए मार्गदर्शक है।

बिस्मिल्लाहिर्-रह़्मानिर्-रह़ीम

अल्लाह के नाम से आरम्भ करता हूँ, जो अति मेहरबान और दयालु है।

# प्रस्तावना

प्रत्येक धर्म अथवा दर्शन के कुछ सध्दांत होते हैं, जो उसे नियंत्रित करते हैं, कुछ कार्य-प्रणालयाँ और वधयाँ होती हैं, जिनपर वह चलता है तथा कुछ मूल्य होते हैं, जिनकी वह पाबन्दी करता है। इस दृष्टिकोण से हम हर उस व्यक्ति के लए, जो मौलक रूप से मुसलमान है, अगले पन्नों में उसके धर्म की संक्षप्त रूप-रेखा प्रस्तुत करेंगे, ताक उसका इस्लाम और उसकी इबादत (उपासना) केवल दूसरों की तक़्लीद और अनुसरण की बजाय ज्ञान और जानकारी पर आधारित हो। कन्तु, जो व्यक्ति पहले से मुसलमान नहीं है, हम उसके लए भी सच्चे धर्म अर्थात इस्लाम का संक्षप्त परिचय प्रस्तुत करेंगे, ताक उसे इस धर्म के उन मूल्यों तथा कार्य-प्रणालयों, आचरणों और आदेशों पर चन्तन-मनन का उचत अवसर प्राप्त

हो सके, जिनके कारण यह धर्म अन्य धर्मों से श्रेष्ठ है; ताक यह जानकारी और चंतन उसे अगले क़दम की ओर -इस धर्म से आकर्षत होने और इससे संतुष्ट होने की ओर- ले जाय। इसलए क यह ईश्वरीय धर्म है। मानव जाति का बनाया हुआ धर्म नहीं। यह अपने समस्त पक्षों और शक्षाओं में सम्पूर्ण है, जैसा क आने वाली पंक्तियों में पढ़ा जाएगा। हो सकता है यह चीज़ें उसे शीघ्र ही दृढ़ वश्वास, सम्पूर्ण संतुष्टि और पूरी सहमति के साथ इस धर्म में प्रवेश करने के बारे में सोच-वचार करने का आमंत्रण दें। क्योंक वह इस धर्म में प्रवेश करने पर, -निश्चित रूप से- वास्तवक सौभाग्य, हार्दिक संतोष, सुख-चैन और हर्ष एवं आनन्द का अनुभव करेगा और उस समय वह आयु के हर उस दिन, घन्टा और मनट पर शोक तथा दुख प्रकट करेगा, जो उसने इस महान धर्म से अलग रहकर बिताया है!

इस प्रस्तावना में हम, हर सच्चे धर्म के अभलाषी को एक महत्वपूर्ण बात से सावधान करना आवश्यक समझते हैं। वह यह है क आपको अन्य

धर्मों के मानने वालों की तरह, ख़ुद मुसलमानों का दुष्ट आचरण, उनमें फैली हुई बुराइयाँ, धोखाधड़ी अथवा अत्याचार आदि, इस धर्म से परिचत होने, इससे एक ईश्वरीय धर्म के रूप में आश्वस्त होने और स्वीकार करने में रुकावट न बनने पायें। क्यों यह दुष्ट आचरण के मालक मुसलमान वास्तवक इस्लाम के प्रतिनिध नहीं हैं। यह केवस अपने प्रतिनिध हैं। इस्लाम को इनके दुष्ट कर्मों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके इन कर्मों को न अल्लाह तआला पसन्द करता है, न उसके रसूल मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पसन्द करते हैं।

अतः हम आपको इन संक्षप्त पन्नों के पढ़ने का आमन्त्रण देते हैं; ताक आप स्वयं इस धर्म की वास्तवक शक्षाओं और इसके बारे में इसके मानने वालों की बातों की सत्यता का निर्णय कर सकें। हमें वश्वास है क आप इस पुस्तक के अन्दर ऐसी ज्ञानमय बातें, मूल्य और वचार पायेंगे, जिनसे आपको प्रसन्नता होगी, जिनकी आप तलाश में थे और अब आपके हाथ लग गयीं हैं। ये इसलए क अल्लाह तआला आपसे प्रेम

करता है, लोक-परलोक में आपके लए भलाई, कृपा एवं आपका कल्याण चाहता है। इसलए हमें आशा है क आप इसे शुरू से अन्त तक पढ़ेंगे और जिस सच्चाई की ओर यह बुला रही है, उसे स्वीकार करने में जल्दी करेंगे। क्योंक सच्चाई इस बात के अधक योग्य है क उसकी पैरवी की जाय। आप नफ़्से अम्मारा (बुराई पर उभारने वाली अत्मा), अपने शत्रु शैतान, बुरे साथयों अथवा पूजा के अयोग्य पूज्यों की पूजा करने वाले अपने परिवार के लोगों को इस बात की अनुमति न दें क वह आपको हिदायत के प्रकाश, इस संसार में सौभाग्य और जीवन के परम सुख से रोक दें, जो आपको इस धर्म में प्रवेश करने के बाद प्राप्त होगा। इसलए क वह आपको इससे रोककर आपको जीवन की सबसे महान और मूल्यवान वस्तु से लाभान्वित होने से वंचत कर देंगे। दर असल वह महान और बहुमूल्य वस्तु है मरने के पश्चात स्वर्ग प्राप्त होना।.....तो फर क्या आप इस आमंत्रण को स्वीकार करेंगे.....? अत्यंत

बहुमूल्य उपहार जो हम आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं....। हमें आपसे यही आशा है।

अब धीरे-धीरे इस संक्षप्त परिचय के पन्नों को पलटते हैं।

# धर्म का अर्थ

जब हम धर्म को इस पहलु (दृष्टि) से देखते हैं क वह धर्मनिष्ठा के अर्थ में एक मानसक अवस्था है, तो उसका तात्पर्य यह होता है कः

एक अदृश्य परम अस्तित्व पर वश्वास रखना, जो मानव संबंधत कार्यों का उपाय, व्यवस्था और संचालन करता है। ऐसा वश्वास, जो उस परम और दिव्य अस्तित्व की ओर रूच और उससे भय के साथ, वनयपूर्वक तथा उसकी प्रतिष्ठा एवं महानता का गुणगान करते हुए उसकी आराधना करने पर उभारती है।

और संक्षप्त में यह कह सकते हैं कः

एक अनुसरण और पूजा के योग्य ईश्वरीय अस्तित्व पर वश्वास रखना।

कन्तु जब हम उसे इस पहलु (दृष्टि) से देखते हैं क वह एक बाहरी वास्तवकता है, तो हम उसकी परिभाषा इस प्रकार करेंगे क वहः

वह तमाम काल्पनिक सध्दांत, जो उस ईश्वरीय शक्ति के गुणों को निर्धारित करते हैं और वह तमाम व्यवहारिक नियम, जो उसकी उपासना की व धयों की रूप-रेखा तैयार करते हैं।

## धर्मों के प्रकारः

अध्ययन कर्ता इस बात से परिचत हैं क धर्म के दो प्रकार हैं:

## आसमानी या पुस्तक सम्बन्धी धर्मः

अर्थात जिस धर्म की कोई धर्मपुस्तक हो, जो आकाश से अवतरित हुई हो, जिसमें मानव जाति के लए अल्लाह तआला का मार्गदर्शन हो। उदाहरण स्वरूप यहूदियत जिसमें अल्लाह तआला ने अपनी पुस्तक तौरात को अपने संदेशवाहक मूसा अलैहिस्सलात वस्सलाम पर अवतरित कया।

और जैसा क ईसाइयत (Christianity) है, जिसमें अल्लाह तआला ने अपनी पुस्तक इन्जील को

अपने संदेशवाहक ईसा अलैहिस्सलात वस्सलाम पर अवतरित कया।

और जैसा क इस्लाम है, जिसमें अल्लाह तआला ने क़ुर्आन को अपने अन्तिम संदेश्वाहक और दूत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर अवतरित कया।

इस्लाम और अन्य कताबी (पुस्तक सम्बन्धी, आसमानी) धर्मों के मध्य अन्तर यह है क अल्लाह तआला ने इस्लाम के मूल सध्दान्तों और उसके स्रोतों की सुरक्षा की है, क्योंक यह मानव जाति के लए अन्तिम धर्म है। इसीलए यह हेर-फेर और परिवर्तन से ग्रस्त नहीं हुआ है। जबक दूसरे धर्मों के स्रोत और उनकी पवत्र पुस्तिकाएं नष्ट हो गयीं और उनमें हेर-फेर, परिवर्तन और संशोधन कर दिये गये।

## मूर्तिपूजन और लौ कक धर्मः

जिसका सम्बन्ध आकाश की बजाय धरती से हो तथा अल्लाह की बजाय मनुष्य से हो। जैसे बुध्द

मत, हिन्दू मत, कन्फूशयस, ज़रतुश्ती और इनके अतिरिक्त संसार के अन्य धर्म।

यहाँ पर स्वतः एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठ खड़ा होता है। वह यह है क क्या एक बुध्दिमान प्राणी वर्ग, मनुष्य जाति को यह शोभा देता है क वह अपने ही समान कसी प्राणी वर्ग को पूज्य मानकर उसकी उपासना करे? चाहे वह कोई मनुष्य हो या पत्थर, गाय हो या अन्य वस्तु! और क्या उसका जीवन सफल, उसके कार्य व्यवस्थित और उसकी समस्याएं हल हो सकती हैं, जब क वह ऐसी व्यवस्था और शास्त्र का अनुकरण करने वाला है, जिसे पूर्णतः मनुष्य ने बनाया है।

## क्या मनुष्य को धर्म की आवश्यकता है?

मनुष्य के लए सामान्य रूप से धर्म की और वशेष रूप से इस्लाम की आवश्यकता, कोई द्वतीयक आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह एक मौलक और बुनियादी आवश्यकता है, जिसका

सम्बन्ध जीवन के सार, ज़िन्दगी के रहस्य और मनुष्य की अथाह गहराइयों से है।

अति सम्भावत संक्षेप में -जो समझने में बाधक न हो- हम मनुष्य के जीवन में धर्म की आवश्यकता के कारणों का वर्णन कर रहे हैं:

## संसार के महान तथ्यों को जानने के लए अक़्ल (बुध्दि) को धर्म की आवश्यकताः

मनुष्य को धार्मक आस्था (वश्वास) की आवश्यकता -सर्वप्रथम- उसे अपने आपको जानने और अपने आस-पास के महान अस्तित्व (जगत) को जानने की आवश्यकता से उत्पन्न होती है। अर्थात उन प्रश्नों का उत्तर जानने की आवश्यकता, जिनमें मानव शास्त्र (वज्ञान) व्यस्त है, कन्तु उनके वषय में कोई संतोषजनक उत्तर जुटाने में असमर्थ है।

जबसे मनुष्य की सृष्टि हुई है, कई ऐसे प्रश्न उसके मन-मस्तिष्क में उभरते रहे हैं, जिनका उत्तर देने की आवश्यकता है। जैसे, वह कहाँ से आया है?

(आरम्भ क्या है?) उसे कहाँ जाना है? (अन्त क्या है?) और क्यों आया है? (उसके वजूद का उद्देश्य क्या है?) जीवन की आवश्यकताएं और समस्याएं उसे यह प्रश्न करने से कतना ही बाज़ रखें, कन्तु वह एक दिन अवश्य उठ खड़ा होता है, ताक वह अपने आपसे इन अनन्त प्रश्नों के बारे में पूछेः

**(क)** मनुष्य अपने दिल में सोचता है क मैं और मेरी चारों ओर यह वशाल जगत कहाँ से उत्पन्न हुआ है? क्या मैं स्वतः पैदा हो गया हूँ या कोई जन्मदाता है, जिसने मुझे जन्म दिया है? मेरा उससे क्या सम्बन्ध है? इसी प्रकार यह वशाल संसार अपनी धरती और आकाश, जानवर और वनस्पति, खनिज पदार्थ और खगोल समेत क्या स्वतः वजूद में आ गया है या उसे कसी प्रबन्ध कुशल सृष्टा ने वजूद बख़्शा है?

(ख) फर इस जीवन तथा मृत्यु के पश्चात क्या होगा? इस धरती पर इस संक्षप्त यात्रा के पश्चात कहाँ जाना है? क्या जीवन की कथा केवल यही है क माँ जनती है और धरती निगलती है और उसके बाद कुछ नहीं है? ऐसे सदाचारी और पवत्र लोग, जिन्होंने सत्य और भलाई के मार्ग में अपनी जानों को न्योछावर कर दिया तथा ऐसे गुनहगार और पापी, जिन्होंने शह्वत, लालसा और नफ्सानी ख़्वाहिश के मार्ग में दूसरों की बल चढ़ा दी, क्या दोनों का अन्त समान और बराबर हो सकता है? क्या जीवन बिना कसी बदले और प्रतिफल के यूं ही मृत्यु पर समाप्त हो जायेगा या मरने के पश्चात एक अन्य जीवन भी है, जिसमें दुष्कर्मयों को उनके कर्म का बदला दिया जाएगा और सत्कर्म करने वालों को अच्छा प्रतिफल मलेगा?

(ग) फर यह प्रश्न उठता है क मनुष्य की उत्पत्ति क्यों हुई है? उसे बुध्दि और सोचने-समझने की शक्ति क्यों प्रदान की गयी है और वह समस्त जानदारों से श्रेष्ठ क्यों है? आकाश और धरती की समस्त चीज़ें उसके अधीन क्यों कर दी गयी हैं? क्या उसके जन्म लेने का कोई उद्देश्य है? क्या उसके जीवन काल में उसका कोई कर्तव्य है? या वह केवल इसलए पैदा कया गया है क जानवरों के समान खाये-पये, फर चौपायों के समान मर जाए? यदि उसके वजूद का कोई उद्देश्य और मक़्सद है, तो वह क्या है? और वह उसे कैसे पहचानेगा?

ये वो प्रश्न हैं, जो हर युग में मनुष्य से अनुग्रहपूर्वक ऐसे उत्तर का तक़ाज़ा करते रहे हैं, जो प्यास को बुझा सके और हृदय को संतुष्टि प्रदान कर सके। कन्तु संतोषजनक उत्तर प्राप्त करने का एक ही मार्ग है। वह है, धर्म का आश्रय लेना और उसकी ओर पलटना। धर्म मनुष्य को -

सर्वप्रथम- इस बात से अवगत कराता है क वह न तो सहसा अस्तित्व में आ गया है और न इस जगत में स्वंय स्थापत हो गया है। बल्कि वह एक महान सृष्टा की एक सृष्टि है। वही उसका पालनहार है, जिसने उसकी उत्पत्ति की, फर उसे ठीक-ठाक कया, फर उसे शुध्द और उचत बनाया, फर उसमें रूह़ फूँकी (जान डाला), उसके कान, आँख और दिल बनाए और उसे उसी समय से अपनी बेशुमार अनुकम्पाएं प्रदान कीं, जब वह अपनी माँ के पेट में गर्भस्थ था। (अल्लाह तआला का फ़रमान हैः)

﴿أَلَمْ نَخْلُقكُّم مِّن مَّآءٍ مَّهِينٍ ۝٢٠ فَجَعَلْنَٰهُ فِى قَرَارٍ مَّكِينٍ ۝٢١ إِلَىٰ قَدَرٍ مَّعْلُومٍ ۝٢٢ فَقَدَرْنَا فَنِعْمَ ٱلْقَٰدِرُونَ﴾ [1]

“क्या हमने तुम्हें एक ह़क़ीर (तुच्छ) पानी (वीर्य) से पैदा नहीं कया, फर हमने उसे सुर क्षत स्थान में रखा, एक निर्धारित समय तक, फर हमने अनुमान लगाया और हम कतना उचत (अच्छा) अनुमान लगाने वाले हैं!”

---

[1] सूरह अल्-मुर्सलातः 20-23

और धर्म ही मनुष्य को इस बात से अवगत कराता है क वह जीवन और मरण के पश्चात कहाँ जाएगा? धर्म ही उसे यह जानकारी देता है क मौत केवल वनाश और अनस्तित्व नहीं है, बल्कि वह एक पड़ाव से दूसरे पड़ाव की ओर...... बर्ज़ख़ी जीवन की ओर स्थानांतरित होना है। उसके पश्चात दूसरा जीवन है, जिसमें हर प्राणी को उसके कर्मों का पूरा-पूरा बदला दिया जायेगा और जो कुछ उसने कर्म कया है, उसमें वह सदैव रहेगा। सो वहाँ कसी नेकी करने वाले की नेकी, चाहे वह पुरुष हो या स्त्री, नष्ट नहीं होगा। ईश्वर (अल्लाह) के न्याय से कोई अत्याचारी, क्रूर, अहंकारी और अभमानी जान नहीं छुड़ा सकता है।

धर्म ही मनुष्य को यह ज्ञान प्रदान करता है क वह कस उद्देश्य के लए पैदा कया गया है? उसे आदर एवं सम्मान और प्रतिष्ठा एवं सत्कार क्यों प्रदान कया गया है? उसे उसकी ज़िन्दगी के मक़सद तथा उसके दायित्व और कर्तव्य से परिचत कराता है क उसे निरर्थक और बेकार नहीं पैदा कया गया है और न ही उसे व्यर्थ छोड़

दिया गया है। उसकी उत्पत्ति इसलए हुई है, ताक वह धरती पर अल्लाह तआला का प्रतिनिध और उत्तराधकारी बन जाय, उसे अल्लाह के आदेश के अनुसार आबाद करे, उसे अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के लए काम में लाये, उसके भीतर पायी जाने वाली चीज़ों की खोज और आवष्कार करे और बिना दूसरों के अधकार पर अत्याचार कये और अपने रब (पालनहार) के अधकार को भूले, उसकी पवत्र चीज़ों को खाये-पये। उसके ऊपर उसके रब (पालनहार) का सर्वप्रथम अधकार यह है क वह अकेले उसी की इबादत (उपासना) करे, उसके साथ कसी को साझी न ठहराए और यह क उसकी इबादत उसी प्रकार करे, जैसे अल्लाह तआला ने अपने उन संदेशवाहकों (रसूलों) के द्वारा सखाया है, जिन्हें उसने मार्गदर्शक और शक्षक, शुभसूचक और डराने वाला बनाकर भेजा है। कन्तु वर्तमान समय में अन्तिम नबी (ईश्दूत) मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का अनुसरण करे, जब वह इस परीक्षाओं और धार्मक

कर्तव्यों (बन्धनों) से घिरे हुए संसार में अपने दायित्व का निर्वहण कर लेगा, तो उसका प्रतिफल और बदला परलोक में पायेगा। अल्लाह तआला का कथन हैः

﴿يَوْمَ تَجِدُ كُلُّ نَفْسٍ مَّا عَمِلَتْ مِنْ خَيْرٍ مُّحْضَرًا﴾[2]

“(उस दिन को याद करो) जिस दिन हर प्राणी, जो कुछ उसने सत्कर्म  कया है, उसे अपने समक्ष उपस्थित पायेगा।”

इससे मनुष्य को अपने वजूद का बोध हो जाता है और जीवन में अपने दायित्वों और कर्तव्यों का स्पष्ट रूप से पता चलता है, जिसे उसके लए सृष्टि के रचयिता, जीवन दाता और मनुष्य के सृष्टा ने स्पष्ट कर दिया है।

जो व्यक्ति बिना धर्म -अल्लाह और परलोक के दिन पर वश्वास रखे- जीवन यापन करता है, वह वास्तव में अभागा और वंचत व्यक्ति है। वह स्वंय अपनी निगाह में एक पाशव (जानवर जैसा) प्रणी

---

[2] सूरह आले-इम्रानः 30

है और वह कसी भी प्रकार से उन बड़े-बड़े जानवरों से भन्न नहीं है, जो उसकी चारों ओर धरती पर चलते-फरते हैं....... जो खाते-पीते एवं (सांसारिक) लाभ उठाते हैं और फर मर जाते हैं। उन्हें न अपने कसी उद्देश्य का पता होता है और न वह अपने जीवन का कोई रहस्य जानते हैं। निःसंदेह वह एक छोटा और साधारण सृष्टि है, जिसका कोई भार और मूल्य नहीं है। वह पैदा तो हो गया, कन्तु उसे यह पता नहीं है क वह कैसे पैदा हुआ है और उसे कसने पैदा कया है। वह जीवन-यापन कर रहा है, कन्तु उसे यह ज्ञान नहीं है क वह क्यों जी रहा है? वह मरता है, कन्तु उसे यह पता नहीं है क वह क्यों मरता है? और मरने के पश्चात क्या होगा? वह अपनी तमाम चीज़ों, मरने और जीने, प्रारम्भ और अन्त के वषय में संदेह बल्कि अंधेपन का शकार है।

उस मनुष्य का जीवन कतना दयनीय है, जो सर्ववशेष और प्रमुख चीज़ अर्थात अपने नफ़्स की वास्तवकता, अपने अस्तित्व के रहस्य और अपने जीवन के उद्देश्य के सम्बन्ध में संदेह और

वस्मय के जहन्नम या अन्धेपन और मूर्खता के घटाटोप अन्धेरों में जी रहा हो। वस्तुतः वह अभागा और दुखी मनुष्य है, यद्यप वह सोने और रेशम में डूबा हुआ और आनन्द और सुख के उपकरणों से घिरा हुआ हो, सर्वोच्च उपाधपत्रें रखता हो और ऊँची-ऊँची डग्रयाँ (उपाधयाँ) प्राप्त कया हुआ हो!

## मानव-प्रकृति को धर्म की आवश्यकताः

इसी प्रकार भावना और चेतना को भी धर्म की आवश्यकता होती है। क्योंक मनुष्य इलेक्ट्रॉनिक मस्तिष्क के समान केवल बुध्दि का नाम नहीं है। बल्कि वह बुध्दि, भावना व चेतना और आत्मा का नाम है। इसी प्रकार उसकी प्रकृति की रचना हुई है और यही उसके प्रकृति की आवाज़ है। मनुष्य की यह प्रकृति है क कोई ज्ञान और सभ्यता उसे सन्तुष्ट नहीं कर सकती, कोई कला और साहित्य उसकी आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं कर सकता, और न कोई श्रृंगार और धन-पूंजी उसके शून्य-हृदय की पूर्ति कर सकती है। बल्कि उसका

दिल बेचैन, उसकी आत्मा भूखी और उसकी प्रकृती प्यासी रहती है और उसे रिक्तता और अभाव का गम्भीर अहसास रहता है। यहाँ तक क जब वह अल्लाह पर आस्था और वश्वास की दौलत प्राप्त कर लेता है, तो व्याकुलता के बाद शान्ति मलती है, भय के बाद सुरक्षा का अनुभव होता है और उसके अन्दर यह अहसास जन्म लेता है क उसने अपने आपको पा लया है।

हमारे पैग़म्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैः

((مَا مِنْ مَوْلُوْدٍ إِلَّا وَ يُوْلَدُ عَلَى الْفِطْرَةِ، فَأَبَوَاهُ يُهَوِّدَانِهِ، أَوْ يُنَصِّرَانِهِ، أَوْ يُمَجِّسَانِهِ))

“हर (पैदा होने वाला) शशु फ़तरत (इस्लाम की दशा) पर जन्म लेता है। फर उसके माता-पता उसे यहूदी बना देते हैं, ईसाई बना देते हैं या मजूसी बना देते हैं।”

इस ह़दीस के अन्दर इस बात पर अधक बल दिया गया है क मनुष्य की मूल प्रकृति यह होती है वह अपने रब (पालनकर्ता) के समक्ष समर्पत

और सच्चे धर्म को स्वीकार करने के लए तैयार होता है और इस फ़तरत से वमुख होकर बातिल (मथ्या, असत्य) धर्मों की ओर अपने आस-पास की परिस्थितियों के कारण ही मुख करता है। चाहे इसका कारण माता-पता हों, शक्षक हों, परिवेश हो या इनके अतिरिक्त अन्य कोई चीज़।

फ़लास्फ़र (दार्शनिक) “अगोस्त सयातियह” अपनी पुस्तक “धर्म-शास्त्र” में लखता हैः

“मैं धर्म निष्ठ क्यों हूँ? मैं इस प्रश्न के साथ अपने ओठ को एक बार भी हिलाता हूँ, तो अपने आपको इस प्रश्न का यह उत्तर देने पर ववश पाता हूँ क मैं धर्म निष्ठ हूँ, इसलए क मैं इसके वरुध्द की शक्ति नहीं रखता, इसलए क धर्म निष्ठ होना मेरे अस्तित्व की आवश्यकताओं में से एक आध्यात्मिक आवश्यकता है। लोग मुझसे कहते हैं क यह पुश्तैनी गुणों, प्रशक्षण, अथवा स्वभाव का प्रभाव है। मैं उनसे कहता हूँ: मैंने बहुधा ठीक इन्हीं आपत्तियों के द्वारा अपने नफ़्स पर आपत्ति वयक्त की है। कन्तु मैंने पाया है क यह समस्या

को दबा देता है और उसकी कोई व्याख्या नहीं कर पाता।”

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है क हमें यह आस्था और धारणा हर जातियों में; चाहे वह प्राचीन असभ्य जातियाँ हों या सभ्य, हर महाद्वीप में; चाहे वह पूर्वी महाद्वीप हो या पश्चिमी और हर युग में; चाहे वह प्राचीन युग हो या वर्तमान युग, दिखाई देता है। यह और बात है क अधकांश लोग सीधे मार्ग से भटक गये।

यूनानी इतिहासकार “ब्लूतार्क” **(BLUTARCH)** का कहना हैः

मैंने इतिहास में बिना क़लों के नगरों को, बिना महलों के नगरों को, बिना पाठशालाओं के नगरों को तो पाया है, कन्तु बिना पूजास्थलों और इबादतगाहों के नगर कभी नहीं पाये गए।

## मनुष्य के मान सक स्वस्थ और आत्मिक शक्ति को धर्म की आवश्यकताः

धर्म की एक अन्य आवश्यकता भी है। एक ऐसी आवश्यकता, जिसका तक़ाज़ा मनुष्य का जीवन और उसके अन्दर उसकी आकांक्षाएं तथा आशाएं और उसकी पीड़ाएं और यातनाएं करती हैं..... मनुष्य की एक ऐसे शक्तिमान स्तम्भ की आवश्यकता, जिसकी ओर वह शरण ले सके, एक सशक्त आधार और सहारे की आवश्यकता, जिसपर वह भरोसा कर सके। जिस समय वह कठिनाइयों से ग्रस्त हो, जब उसके यहाँ दुर्घटनाएं घटें, जब वह अपनी प्रय चीज़ से हाथ धो बैठे, अप्रय चीज़ का सामना करे या उसपर ऐसी चीज़ टूट पड़े, जिसका उसे भय या डर हो, ऐसी परिस्थिति में धार्मक आस्था अपना कर्दार निभाती है। चुनांचे यह उसे कमज़ोरी के समय शक्ति, निराशा की घड़यों में आशा, भय के छणों में उम्मीद और कठिनाईयों, कष्टों तथा संकट के समय धैर्य प्रदान करती है।

अल्लाह तआला, उसके न्याय और कृपा में आस्था तथा क़यामत के दिन उसके समक्ष प्रस्तुत कये जाने और उसके सदैव बाक़ी रहने वाले घर, जन्नत की प्राप्ति पर वश्वास, मनुष्य को मानसक स्वस्थ और अध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है। फर तो उसके अस्तित्व से हर्ष एवं आनन्द की करण फूट पड़ती है, उसकी आत्मा आशा से परिपूर्ण हो जाती है, उसकी आँखों में संसार का क्षेत्र वस्तृत हो जाता है, वह जीवन को उज्जवल दृष्टि से देखने लगता है और अपने संक्षप्त अस्थायी जीवन में, जो कष्ट सहता और जिन चीज़ों का सामना करता है, वह सब उसपर सरल हो जाता है। उसे ऐसे ढारस, आशा और शान्ति का अनुभव होता है, जिसका स्थान न कोई ज्ञान और दर्शन ग्रहण कर सकता है, न कोई धन-पूंजी और न सन्तान तथा पूरब और पश्चिम का शासन।

कन्तु, वह व्यक्ति, जो अपने संसार में बिना कसी ऐसे धर्म और वश्वास के जीता है, जिससे वह अपनी तमाम समस्याओं में निर्देश प्राप्त कर सके; उससे कसी चीज़ के बारे में धार्मक आदेश ज्ञात

करे, तो वह उसका आदेश बतलाए, उससे प्रश्न करे तो उसका उत्तर दे और उससे सहायता मांगे तो उसकी सहायता करे। उसे ऐसी सहायता और सहयोग प्रदान करे जो परास्त न हो और निरन्तर रहे। जो व्यक्ति, इस वश्वास और आस्था से परे जीवन व्यतीत करता है, वह इस अवस्था में जीता है क उसका हृदय बेचैन होता है, उसकी सोच भ्रमत होती है, उसकी अभरूच परागन्दा होती है और उसका अस्तित्व भंग और टुकड़े-टुकड़े होता है। कुछ नीति शास्त्रों ने ऐसे व्यक्ति को उस अभागा के समान ठहराया है, जिसके बारे में बयान कया जाता है क उसने बादशाह की हत्या कर दी और उसका दण्ड यह निर्धारित कया गया क उसके दोनों हाथों और दोनों पावों को चार घोड़ों में बांध दिया जाय। फर उनमें से प्रत्येक की पीठ पर लाठियाँ बरसायी गयीं, ताक उनमें से हर एक चारों दिशाओं में से अलग-अलग दिशाओं में तेज़ी से भागे। यहां तक क उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये!

यह घृणत शारीरिक तौर पर टुकड़े-टुकड़े होना, उस मानसक रूप से भंग होने के समान है, जिससे धर्म के बिना जीने वाला व्यक्ति पीड़त होता है। और शायद होशमंदों के नज़दीक दूसरी ह़ालत पहली हालत से अधक कष्टदायक, दयनीय और घातक है। क्योंक इस भंग का प्रभाव कुछ पलों और क्षणों में समाप्त नहीं होता, बल्कि यह एक यातना है, जिसकी अवध लम्बी होती है। यह पीड़त व्यक्ति का साथ जीवन भर नहीं छोड़ती।

अतः हम देखते हैं क वह लोग, जो बिना सुदृढ़ वश्वास और आस्था (अक़ीदा) के जीवन बिताते हैं, वह दूसरे लोगों से अधक मानसक बेचैनी, जिस्मानी तनाव, दिमाग़ी उलझन एवं व्याकुलता के शकार होते हैं। जब उन्हें जीवन के दुर्भाग्यों और संकटों का सामना होता है, तो वह अति शीघ्र टूट जाते हैं। फर या तो जल्द ही आत्महत्या कर लेते हैं या मानसक रोगी बनकर मृतकों के समान जीवन व्यतीत करते हैं! जैसा क प्राचीन अरबी कव ने इसको रेखांकत कया हैः

“वह व्यक्ति, जो मरकर वश्राम पा जाय, वह मुर्दा नहीं है। वास्तव में, मुर्दा वह है, जो जीवत रहकर भी मुर्दा हो। मुर्दा तो वह व्यक्ति है, जो दुखी, शोक-ग्रस्त, मृत-हृदय और निराश होकर जीवन बिताता है।”

इसी बात को वर्तमान काल में मानसशास्त्रियों और मानसक रोगों की चकत्सा करने वालों ने सध्द कया है और इसी बात को सर्वसंसार में वचारकों और समालोचकों ने प्रमाणत कया है।

डॉक्टर कार्ल पांज अपनी पुस्तक “वर्तमान युग का मनुष्य अपने नफ़्स की तलाश में हैं” में कहता हैः

“ पछले तीस वर्षों के दौरान पूरी दुनिया के जिन रो गयों ने भी मुझसे प्रामर्श लया है, उनसब की बीमारी का कारण, उनके वश्वास का अभाव और अक़ीदे का अदृढ़ एवं डांवा-डोल होना था। उन्हें स्वास्थ उसी समय प्राप्त हुआ, जब उन्होंने अपने ईमान को पुनः स्था पत और पुनर्जी वत कर लया।”

लाभ एवं संसाधन शास्त्र वज्ञानी “ व लयम जेम्स” का कहना हैः

“निःसंदेह, चन्ता और शोक का सबसे महान उपचार ईमान और वश्वास है।”

डॉक्टर “बिरियल” का कथन हैः

“निःसंदेह, वास्त वक रूप से धर्मनिष्ठ व्यक्ति कभी भी मान सक बीमारियों से ग्रस्त नहीं होता।”

तथा डॉक्टर “डील कारनीजी” अपनी पुस्तक “ चन्ता छोड़ो और जीवन का आरम्भ करो” में कहते हैं:

“मानसशास्त्र वज्ञानी जानते हैं क दृढ़ वश्वास और धर्म निष्ठता, यह दोनों; शोक, चन्ता, मान सक तनाव को समाप्त कर देने और इन बीमारियों से स्वास्थ प्रदान करने के ज़ा मन हैं।”

## समाज में प्रेरणोओं, आचरण के नियमों तथा व्यवहार संहिता के लए धर्म की आवश्यक्ताः

धर्म की अन्य आवश्यकता भी है। वह है सामाजिक आवश्यकता। समाज को प्रेरकों और नियमों की आवश्यकता है। अर्थात ऐसे प्रेरक जो समाज के हर व्यक्ति को भलाई का काम करने और कर्तव्य का पालन करने पर उभारें, यद्यप कोई उनकी निगरानी (निरीक्षण) करने वाला या बदला देने वाला मौजूद न हो......। और ऐसे ज़ाब्ते और संहिताएं, जो सम्बन्धों और सम्पर्कों को नियंत्रित करें। हर एक को इस बात पर बाध्य करें क वह अपनी सीमा से आगे न बढ़े, अपनी इच्छाओं या शीघ्र प्राप्त होने वाले भौतिक लाभ के कारण दूसरे के अधकार पर आक्रमण न करे अथवा समाज के कल्याण एवं हित में लापरवाही से काम न ले।

यह नहीं कहा कजा सकता क नियम और वधेयक इन ज़ाब्तों और संहिताओं और प्रेरकों को

पैदा करने के लए प्रयाप्त हैं। क्योंक नियम कसी प्रेरक और प्रोत्साहन को जन्म नहीं दे सकते। इसलए क उनसे छुटकारा पाना सम्भव है। उनके साथ चालबाज़ी करना और बहाना बनाना सरल है। इसलए ऐसे प्रेरकों, व्यवहार संहिता तथा आचरण के ज़ाब्तों का होना आवश्यक है, जो मनुष्य के हृदय के भीतर से काम करते हों। उसके बाहर से नहीं। इस आन्तरिक प्रेरक का होना आवश्यक है। “अन्तरात्मा”, “भावना” या “हृदय” का होना आवश्यक है -आप उसको कुछ भी नाम दे दें।- यही वह शक्ति है, जो जब शुध्द होती है, तो मनुष्य का पूरा कर्म शुध्द होता है और जब वह दूषत हो जाती है, तो सारा कर्म दूषत हो जाता है।

लोगों का मुशाहिदा, अनुभव और साहित्य के पढ़ने से यह सध्द हो चुका है क अन्तरात्मा के प्रशक्षण, आचरण शुध्दि, भलाई पर उभारने वाले प्रेरकों और बुराई से रोकने वाली संहिताओं की को वजूद में लाने के लए धार्मक वश्वास से बढ़कर कोई वस्तु नहीं है। यहाँ तक क ब्रिटेन के कुछ

वर्तमान जज -जिन्हें वज्ञान की उन्नति, सभ्यता के वस्तार और नियमों की शुध्दता और यथार्थवाद के बावजूद, भयानक अपराध ने भयभीत कर दिया -कह पड़ेः

“आचरण और व्यवहार के बिना कोई संवधान और क़ानून नहीं पाया जा सकता तथा ईमान और वश्वास बिना कोई आचरण परवान नहीं चढ़ सकता।”

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है क स्वयं कुछ नास्तिकों और अधर्मयों ने यह स्वीकार कया है क धर्म, अल्लाह और परलोक में बदला दिये जाने पर वश्वास के बिना, जीवन स्थिर और स्थापत नहीं रह सकता। यहाँ तक क “फोल्तियर” का कथन हैः

“यदि अल्लाह का अस्तित्व न होता, तो हमारे ऊपर अनिवार्य होता क हम उसे पैदा करें।”

अर्थात हम लोगों के लए एक इलाह (पूज्य) का आवष्कार करें, जिसकी कृपा की वह आशा रखें, जिसके अज़ाब (यातना) से डरें तथा सत्कर्म

करते हुए दुष्कर्म से बचते हुए उसकी प्रसन्नता तलाश करें।

और एक बार ठठोल करते हुए कहता हैः

“तुम अल्लाह के अस्तित्व में क्यों संदेह प्रकट करते हो? यदि वह न होता, तो मेरी पत्नी मेरे साथ वश्वासघात करती और मेरा नौकर मेरी चोरी कर लेता।”

और “ब्लूतार्क” का कथन हैः

“बिना धरती के एक नगर को स्था पत करना, बिना इलाह (पूज्य) के एक राष्ट्र को स्था पत करने से अ धक आसान है!!”

# इस्लामी अक़ीदा की  वशेषताएं

इस्लामी अक़ीदा ऐसी वशेषताओं और गुणों का वाहक है, जो अन्य धारणाओं में नहीं हैं। यह निम्न लखत चीज़ों से प्रद र्शत होता हैः

## स्पष्ट अक़ीदाः

यह एक स्पष्ट और आसान अक़ीदा (धारणा) है। इसके अन्दर कोई पेचीदगी और उलझाव नहीं है। इसका सारांश यह है क इस अनुपम, सुसंचा लत, व्यवस्थित और सुदृढ़ संसार के पीछे एक रब पालनहार का हाथ है, जिसने इसे पैदा कया है, व्यवस्थित कया है और इसमें हर चीज़ को एक अनुमान और अंदाज़े से पैदा कया है। इस □इलाह या रब का न कोई साझी है, न इसके समान कोई चीज़ है और न इसके बीवी बच्चे हैं:

﴿بَل لَّهُۥ مَا فِى ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلْأَرْضِ ۖ كُلٌّ لَّهُۥ قَٰنِتُونَ﴾[3]

---

[3] सूरह अल्-बक़राः 116

“बल्कि आकाश और धरती की सारी चीज़ें उसीके अधिकार में हैं और हर एक उसका आज्ञाकारी है।”

यह एक स्पष्ट और स्वीकार्य अक़ीदा है। क्योंकि बुध्दि सदैव भिन्नता (अनेकता) और अधिकता की बजाय एकता और सम्बन्ध का तक़ाज़ा करती है और सारी चीज़ों को सदा एक ही कारण की ओर लौटाना चाहती है।

## प्राकृतिक अक़ीदा:

यह एक ऐसा अक़ीदा है, जो फ़ितरत से अलग और उसके विरुध्द नहीं है, बल्कि यह उसी प्रकार फितरत के अनुसार है, जिस प्रकार कि निर्धारित कुंजी अपने दृढ़ ताले के अनुसार होती है। क़ुर्आन इसी तत्व को स्पष्ट रूप से खुल्लम-खुल्ला बयान करता है:

﴿فَأَقِمۡ وَجۡهَكَ لِلدِّينِ حَنِيفٗاۚ فِطۡرَتَ ٱللَّهِ ٱلَّتِي فَطَرَ ٱلنَّاسَ عَلَيۡهَاۚ لَا تَبۡدِيلَ لِخَلۡقِ ٱللَّهِۚ ذَٰلِكَ ٱلدِّينُ ٱلۡقَيِّمُ وَلَٰكِنَّ أَكۡثَرَ ٱلنَّاسِ لَا يَعۡلَمُونَ﴾.[4]

---

[4] सूरह अर्-रूम: 30

“सो, आप एकांत होकर अपना मुख दीन की ओर कर लें। अल्लाह तआला की वह फ़ितरत, जिसपर उसने लोगों को पैदा किया है। अल्लाह तआला के बनाये हुए को बदलना नहीं है। यह सीधा दीन है, किन्तु अधिकांश लोग नहीं समझते।”

और इसी ह़क़ीक़त को ह़दीसे नबवी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने भी स्पष्ट किया हैः

((كُلُّ مَوْلُوْدٍ يُوْلَدُ عَلَى الْفِطْرَةِ-أَيْ عَلَى الْإِسْلَامِ-، وَ إِنَّمَا أَبَوَاهُ يُهَوِّدَانِهِ، أَوْ يُنَصِّرَانِهِ، أَوْ يُمَجِّسَانِهِ))

“हर पैदा होने वाला (शिशु) फ़ितरत -अर्थात इस्लाम- पर पैदा होता है, किन्तु उसके माता-पिता उसे यहूदी बना देते हैं, ईसाई बना देते हैं या मजूसी (आतिश परस्त) बना देते हैं।”

इससे मालूम हुआ कि इस्लाम ही अल्लाह तआला की फ़ितरत है। इसलिए इसे माता-पिता के प्रभाव की आवश्यकता नहीं है।

जहाँ तक अन्य धर्मों जैसे क यहूदियत, ईसाइयत और मजूसयत का सम्बन्ध है, तो यह माता-पता के सखाये हुए धर्म हैं।

## ठोस और सुदृढ़ अक़ीदाः

यह एक ठोस एवं सुदृढ़ और नियमत एवं निर्धारित अक़ीदा है, जिसमें कसी कमी-बेशी, परिवर्तन और हेर-फेर की गुंजाइश नहीं है। इसलए कसी शासक, वैज्ञानिक संस्था या धार्मक सम्मेलन को यह अधकार नहीं है क वह इसमें कोई चीज़ बढ़ाये अथवा इसमें कोई संशोधन और परिवर्तन करे। हर प्रकार के इज़ाफा या संशोधन एवं अस्वीकार्य है। नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं:

((مَنْ أَحْدَثَ فِي أَمْرِنَا هذَا مَا لَيْسَ مِنْهُ فَهُوَ رَدٌّ))

“जिसने हमारे इस मामले में कोई नई चीज़ निकाली, वह मर्दूद (अस्वीकार्य) है।”

अर्थात उसी के ऊपर लौटा दिया जायेगा।

और क़ुर्आन इसे नकारते हुए कहता हैः

﴿أَمۡ لَهُمۡ شُرَكَٰٓؤُاْ شَرَعُواْ لَهُم مِّنَ ٱلدِّينِ مَا لَمۡ يَأۡذَنۢ بِهِ ٱللَّهُۚ﴾[5]

"क्या उन लोगों ने (अल्लाह के) ऐसे साझी बना रखे हैं, जिन्होंने उनके लए दीन के ऐसे अह्काम निर्धारित कर दिये हैं, जो अल्लाह तआला के फ़रमाये हुए नहीं हैं?"

इस आधार पर हर प्रकार की बिद्अतें, कहानियाँ और ख़ुराफ़ात, जो मुसलमानों की कुछ कताबों में सम्मिलत कर दी गयी हैं या उनके जन-साधारण के बीच फैलायी गयी हैं, बातिल, असत्य और अस्वीकार्य हैं। इस्लाम उन्हें प्रमाणत नहीं करता है और न ही उन्हें इस्लाम के वरुध्द प्रमाण और तर्क के रूप में स्वीकार कया जा सकता है।

## प्रमा णत अक़ीदाः

यह एक प्रमाणत अक़ीदा है, जो अपने मसायल को सध्द करने के लए केवल पाबंदी और बाध्यता पर ही बस नहीं करता है और दूसरे

[5] सूरह अश्-शूराः 21

अक़ीदों और धारणाओं के समान यह नहीं कहता है कः

“अन्धे होकर वश्वास (श्रध्दा) रखो।”

या यह कः

“पहले वश्वास करो, फर ज्ञान प्राप्त करो।”

या यह कः

“अपनी दोनों आँखों को मूँद लो, फर मेरी पैरवी करो।”

या यह कः

“अज्ञानता (जिहालत) तक़्वा और परहेज़गारी की बुनियाद है।”

बल्कि उसकी कताब स्पष्ट रूप से कहती हैः

﴿قُلۡ هَاتُواْ بُرۡهَٰنَكُمۡ إِن كُنتُمۡ صَٰدِقِينَ ١١١﴾[6]

“इनसे कहो क यदि तुम सच्चे हो, तो कोई प्रमाण पेश करो।”

---

[6] सूरह अल्-बक़राः 111

इसी प्रकार, केवल दिल और आत्मा को सम्बोधत करने और अक़ीदे के लए बुनियाद के तौर पर उनपर भरोसा करने पर बस नहीं करता है, बल्कि अपने मसायल को अखण्डनीय (वश्वस्त, प्रबल) प्रमाण, रौशन दलील और स्पष्ट तर्क के साथ पेश करता है, जो बुध्दियों की बाग-डोर को अपने क़ब्ज़े में ले लेती हैं और दिलों तक अपना रास्ता बना लेती हैं। अक़ीदे के उलेमा कहते हैं:

अक़्ल (बुध्दि) नक़्ल (वह बातें जिनका आधआर रिवायत या समाअ है) की बुनियाद है और सही नक़्ल (मन्क़ूल वस्तु) स्पष्ट अक़्ल (ववेक, बुध्दि) के वरुध्द नहीं होता है।

चुनांचे हम देखते हैं क कुर्आन उलूहियत (इबादत) के मसले में, नफ़्स (आत्मा) और इतिहास से अल्लाह तआला के वजूद, उसकी वह्दानियत (एकत्व) और उसके कमाल (सम्पूर्णता) पर दलीलें पेश करता है।

और बअ्स (मरने के उपरान्त पुनः जीवत कए जाने) की सम्भावना पर मनुष्य को प्रथम बार

पैदा करने, आसमानों और ज़मीन को पैदा करने और मुर्दा ज़मीन को ज़िन्दा (हरी-भरी) करने के द्वारा तर्क स्थापत करता है, और उसकी हिक्मत (रहस्य) पर, भलाई करने वाले को सवाब (प्रतिफल) देने और बुराई करने वाले को सज़ा देने में खुदाई (ईश्वरीय) न्याय और इन्साफ़ के द्वारा तर्क स्थापत करता हैः

﴿لِيَجۡزِيَ ٱلَّذِينَ أَسَٰٓـُٔواْ بِمَا عَمِلُواْ وَيَجۡزِيَ ٱلَّذِينَ أَحۡسَنُواْ بِٱلۡحُسۡنَى﴾[7]

“ता क अल्लाह लआला बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मों का बदला दे, और सत्कर्म करने वालों को अच्छा प्रतिफल प्रदान करे।”

---

[7] सूरह अन्-नज्मः 31

# अक़ीदे के अन्दर

## इस्लाम का संतुलन

इस्लामी अक़ीदा सारे पहलुओं से संतुलत होने के कारण अन्य धर्मों के अक़ीदों से श्रेठ और भन्न है। यह वशेषता उसे आसान और संतुष्टि के क़ाबिल बना देती है, जो स्वीकारने और पैरवी के योग्य है। इस वशेषता और अनुपमता को जानने के लए आगे आने वाली पंक्तियों को पढ़ें:

1. इस्लाम उन ख़ुराफ़ातियों, जो एतिक़ाद के अन्दर सीमा को पार कर जाते हैं, हर चीज़ को सच्चा मान लेते हैं और बिना प्रमाण के उसपर वश्वास करने लगते हैं, तथा उन भौतिकवादियों के बीच एतिक़ाद के अन्दर संतुलन पैदा करता है, जो चेतना के परे सारी चीज़ों को नकारते हैं और फ़तरत की आवाज़, चेतना की पुकार और मोजिज़ा (चमत्कार) की चीख को सुनने से भागते हैं।

चुनांचे इस्लमाम एतिक़ाद और वश्वास की दावत देता है; कन्तु, केवल उसीपर, जिसपर क़तई दलील और निश्चित प्रमाण स्थापत हो। इसके सवा अन्य चीज़ों को वह नकार देता है और भ्रम शुमार करता है। उसका सदा यह नारा हैः

﴿قُلْ هَاتُوا۟ بُرْهَـٰنَكُمْ إِن كُنتُمْ صَـٰدِقِينَ ﴾[8]

“यदि तुम सच्चे हो, तो अपने प्रमाण लाकर पेश करो।”

2. वह संतुलत है उन मुलह़िदों (अधर्मयों) के बीच, जो कसी भी इलाह (पूज्य) को नहीं मानते, अपने सीनों में फ़तरत की आवाज़ को दबा देते हैं और अपने सरों में बुध्दि की पुकार को चौलेंज करते हैं..... और उन लोगों के बीच जो अनेक माबूदों (ईश्वरों) को मानते हैं, यहां तक क वह बकरियों और गायों को भी पूजने लगते हैं और मूर्तियों और पत्थरों को ईश्वर बना लेते हैं।

[8] सूरह अल्-बक़राः 111

चुनांचे इस्लाम एक इलाह (पूज्य) पर वश्वास रखने की दावत देता है, जिसका कोई साझी नहीं। न उसने कसी को जना है, न वह कसी से जना गया है और न कोई उसका हमसर (समवर्ती) है। उसके अतिरिक्त जो लोग भी हैं और जो चीज़ें भी हैं, वह मख़लूक़ हैं। वह लाभ और हानि, मौत और ज़िन्दगी और दोबारा जीवत होने का अधकार नहीं रखते हैं। इसलए उनको पूज्य बनाना शर्क, अत्याचार और स्पष्ट पथभ्रष्टता है:

﴿وَمَنۡ أَضَلُّ مِمَّن يَدۡعُواْ مِن دُونِ ٱللَّهِ مَن لَّا يَسۡتَجِيبُ لَهُۥٓ إِلَىٰ يَوۡمِ ٱلۡقِيَٰمَةِ وَهُمۡ عَن دُعَآئِهِمۡ غَٰفِلُونَ﴾[9]

“और उस व्यक्ति से बढ़कर गुमराह कौन होगा, जो अल्लाह के सवा ऐसों को पुकारता है, जो क़यामत तक उसकी प्रार्थना स्वीकार न कर सकें, बल्कि उनके पुकारने से मात्र बेख़बर (निश्चेत) हों!”

---

[9] सूरह अल्-अह़क़ाफ़: 5

3. और वह संतुलत है, उन लोगों के बीच, जो संसार को ही अकेला सत्य अस्तित्व समझते हैं और इसके अतिरिक्त उन सारी चीज़ों को, जिन्हें आँख से देख और हाथ से छू नहीं सकते, असत्य, ख़ुराफ़ात और भरम समझते हैं,..... और उन लोगों के बीच, जो संसार को एक भ्रम समझते हैं, जिसकी कोई ह़क़ीक़त नहीं, उसे चटियल मैदान में चमकती हुई रेत के समान समझते हैं, जिसे प्यासा व्यक्ति दूर से पानी समझता है, कन्तु जब उसके पास पहुँचता है, तो उसे कुछ भी नहीं पाता।

चुनांचे इस्लाम संसार के वजूद को एक वास्तवकता समझता है, जिसमें कोई संदेह नहीं है। कन्तु वह इस ह़क़ीक़त से एक दूसरी ह़क़ीक़त की ओर सफ़र करता है, जो इससे अधक बड़ी ह़क़ीक़त है। वह है, वह हस्ती जिसने इस संसार का निर्माण कया, इसे व्यवस्थित कया और इसके संचालन

में लगा हुआ है। वह हस्ती, अल्लाह तआला की है:

﴿إِنَّ فِي خَلۡقِ ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلۡأَرۡضِ وَٱخۡتِلَٰفِ ٱلَّيۡلِ وَٱلنَّهَارِ لَأٓيَٰتٖ لِّأُوْلِي ٱلۡأَلۡبَٰبِ ۝١٩٠ ٱلَّذِينَ يَذۡكُرُونَ ٱللَّهَ قِيَٰمٗا وَقُعُودٗا وَعَلَىٰ جُنُوبِهِمۡ وَيَتَفَكَّرُونَ فِي خَلۡقِ ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلۡأَرۡضِ رَبَّنَا مَا خَلَقۡتَ هَٰذَا بَٰطِلٗا سُبۡحَٰنَكَ فَقِنَا عَذَابَ ٱلنَّارِ﴾[10]

“आसमानों और ज़मीन की रचना और रात दिन के हेर-फेर में, सच-मुच बुध्दिमानों के लए निशानियां है, जो अल्लाह तआला का ज़िक्र खड़े और बैठे और अपनी करवटों के बल लेटे हुए करते हैं और आसनानों और धरती की पैदाइश में सोच-वचार करते हैं, और कहते हैं: ऐ हमारे परवरदिगार! तूने यह निरर्थक नहीं बनाया। तू पाक है। सो, हमें आग के अज़ाब (यातना) से बचा ले।”

4. वह संतुलत है, उन लोगों के बीच, जो मनुष्यों को पूज्य (इलाह) बनाते हैं, उन्हें रुबूबियत की वशेषताओं से सम्मानित

[10] सूरह आले-इम्रान: 190-191

करते हैं और उन्हीं को अपना इलाह (पूज्य) समझते हैं क वह जो चाहते हैं करते हैं और जो चाहते हैं फ़ैसला करते हैं, तथा उन लोगों के बीच, जिन्होंने आर्थक, सामाजिक या धार्मक व्यवस्थाओं और क़ानूनों को बन्दी बना लया है। सो, उसका उदाहरण हवा के झोंके में पर (पंख) या कठपुथली के समान है, जिसके धागों को समाज, इक्तिसाद या भाग्य हिला रहा है।

चुनांचे इस्लाम की दृष्टि में मनुष्य एक ज़िम्मेदार और मुकल्लफ़ (उत्तरदाता, नियम बध्द) मुख़्लूक़ है। संसार का सरदार है। अल्लाह का एक बन्दा है। अपने आस-पास की चीज़ों को बदलने की उतनी ही शक्ति रखता है, जितनी अपने आपको बदलने की। (अल्लाह तआला का फ़र्मान हैः)

﴿إِنَّ ٱللَّهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوۡمٍ حَتَّىٰ يُغَيِّرُواْ مَا بِأَنفُسِهِمۡۗ﴾[11]

[11] सूरह अर्-रअदः 11

“निःसंदेह, अल्लाह तआला कसी क़ौम की ह़ालत नहीं बदलता, जबतक वह स्वंय उसे न बदलें, जो उनके दिलों में है।”

5. वह संतुलत है उन लोगों के बीच, जो नबियों को पवत्र मानते हैं, यहां तक क उन्होंने उन्हें उलूहियत (ईश्वरता) या इलाह (ईश्वर) के पुत्रत्व के पद पर पहुंचा दिया, तथा उन लोगों के बीच, जिन्होंने उन्हें झुठलाया, उनपर आरोप लगाए और यातनाओं के पहाड़ तोड़े।

पैग़म्बर हमारे समान मनुष्य हैं। खाना खाते हैं और बाज़ारों में चलते-फरते हैं। उनमें से अधकांश के पास बीवी-बच्चे भी हैं। उनके और उनके अतिरिक्त अन्य लोगों के बीच अन्तर मात्र यह है क अल्लाह तआला ने उनपर वह़्य (ईश्वाणी) के द्वारा उपकार तथा मोजिज़ात (चमत्कारों) के द्वारा उनका समर्थन और सहयोग कया हैः

﴿قَالَتْ لَهُمْ رُسُلُهُمْ إِن نَّحْنُ إِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُكُمْ وَلَٰكِنَّ ٱللَّهَ يَمُنُّ عَلَىٰ مَن يَشَآءُ مِنْ عِبَادِهِۦۖ وَمَا كَانَ لَنَآ أَن نَّأْتِيَكُم بِسُلْطَٰنٍ إِلَّا بِإِذْنِ ٱللَّهِۚ وَعَلَى ٱللَّهِ فَلْيَتَوَكَّلِ ٱلْمُؤْمِنُونَ﴾[12]

“उनके पैग़म्बरों ने उनसे कहा क यह तो सच है क हम, तुम जैसे ही इन्सान हैं, कन्तु अल्लाह तआला अपने बन्दों में से जिसपर चाहता है, अपनी अनुकम्पा करता है। अल्लाह के हुक्म (अनुमति) के बिना हमारे बस की बात नहीं क हम तुम्हें कोई मोजिज़ा (चमत्कार) दिखायें। और ईमान वालों को केवल अल्लाह तआला ही पर भरोसा रखना चाहिए।”

6. वह संतुलत है, उन लोगों के बीच, जो संसार की वास्तवकताओं की जानकारी प्राप्त करने के स्रोत की हैसयत से केवल बुध्दि (अक़्ल) पर वश्वास करते हैं, और उन लोगों के बीच, जो केवल वह़्य और इल्हाम पर वश्वास करते हैं। कसी चीज़ को

[12] सूरह इब्राहीमः 11

नकारने या स्वीकारने में बुध्दि की योगदान को नहीं मानते।

जबक इस्लाम बुध्दि पर वश्वास रखता है। सोच-वचार और ग़ौर व फ़क्र की दावत देता है, उसके अन्दर जुमूद और अनुकरण को नकारता है, आदेशो और निषेधों से संबोधत करता है, और संसार की महान वास्तवकताओं; अल्लाह ताआला के वजूद और नबूअत के दावे की सच्चाई को सध्द करने के लए उसपर भरोसा करता है। वह वह्य पर इस हैसयत से वश्वास रखता है क वह बुध्दि की पूर्ति करने वाली और उन चीज़ों में उसकी सहायक और मददगार है, जिनमें बुध्दियाँ भटक जाती हैं, मतभेद का शकार हो जाती हैं और जिन पर शहवतों और ख़्वाहिशात का दबाव और बल चढ़ जाता है। उसकी उस चीज़ की ओर मार्गदर्शन और रहनुमाई करने वाली है, जो उससे सम्बन्धित नहीं है और जो उसके बस में नहीं है। जैसे की ग़ैबिय्यात (अदृश्य

चीज़ें), समइय्यात (वह बातें जिनका आधार वह्य हो जैसे जन्नत, जहन्नम आदि) और अल्लाह तआला की इबादत के तरीक़े। दुनिया में भलाई अथवा बुराई करने पर, मरने के बाद दूसरी दुनिया में सवाब और सज़ा के रूप में न्यायपूर्ण ख़ुदाई (ईश्वरीय) बदला दिए जाने पर वश्वास रखने में, इस फ़तरी और असली अह़सास को समर्थन मलता है क उस बदकार और अत्याचार से बदला लेना अनिवार्य और आवश्यक है, जिसने सांसारिक न्याय से अपना पीछा छुड़ा लया है, और उस व्यक्ति को सवाब आवश्यक है, जिसने भलाई और नेकी की है और उसका प्रचारक रहा है, परन्तु उसे घृणा और उत्पीड़न के सवा कुछ न मला हो..... तथा सदाचारियों और दुराचारियों, नेक और बुरे लोगों, सुधार करने वालों और भ्रष्टाचारियों के बीच बराबरी न की जायः

﴿أَمۡ حَسِبَ ٱلَّذِينَ ٱجۡتَرَحُواْ ٱلسَّيِّـَٔاتِ أَن نَّجۡعَلَهُمۡ كَٱلَّذِينَ ءَامَنُواْ وَعَمِلُواْ ٱلصَّٰلِحَٰتِ سَوَآءَ مَّحۡيَاهُمۡ وَمَمَاتُهُمۡۚ سَآءَ مَا يَحۡكُمُونَ ٢١﴾

وَخَلَقَ ٱللَّهُ ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلْأَرْضَ بِٱلْحَقِّ وَلِتُجْزَىٰ كُلُّ نَفْسٍ بِمَا كَسَبَتْ وَهُمْ لَا يُظْلَمُونَ ﴿٢٢﴾[13]

"क्या उन लोगों का, जो बुरे काम करते हैं, यह गुमान है कि हम उन्हें उन लोगों जैसा कर देंगे, जो ईमान लाये और नेक काम किये कि उनका मरना जीना बराबर हो जाय, बुरा है वह फ़ैसला, जो वह कर रहे हैं। और आसमानों और ज़मीन को अल्लाह ने बहुत न्याय के साथ पैदा किया है और ताकि हर व्यक्ति को उसके किये हुए काम का पूरा बदला दिया जाय और उनपर अत्याचार न किया जाय।"

जन्नत और जहन्नम और उनमें जो कुछ ह़िस्सी (ज़ाहिरी) और मानवी (बातिनी) नेमत और अज़ाब है उस पर ईमान रखना, मनुष्य की वस्तुस्थिति के अनुसार है, इस ह़ैसयत से कि वह शरीर और आत्मा से मिलकर बना है और उनमें से हर एक की

---

[13] सूरह अल्-जासियाः 21-22

कुछ आशाएं और आवश्यकताएं हैं। तथा इस ह़ैसयत से भी क कुछ लोग ऐसे हैं, जिनके लए शरीर को छोड़कर केवल आत्मा की नेमत या अज़ाब पर्याप्त नहीं है। जिस प्रकार क उनमें से कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्हें आत्मा को छोड़कर केवल शरीर की नेमत या यातना संतुष्ट नहीं कर सकती है। इसीलए जन्नत में खाना, पानी, बड़ी-बड़ी आँखों वाली हूरें (सुन्दरियाँ) और महानतम अल्लाह की प्रशंसा है.... और जहन्नम में ज़न्जीरें, तौक़, थूहड़, खून-पीप और कांटेदार पेड़ों का भोजन होगा, जो न मोटा करेगा और न भूख मटाएगा, और उनके लए इसके उपरान्त अपमान, ज़िल्लत और रुसवाई होगी, जो सबसे अधक कठोर और कष्ट दायक होगी।

# जीवन के तमाम क्षेत्रों में इस्लाम का यथार्थवाद

इस्लाम के नियम, उसके  सध्दांत और उसकी  शक्षाएं मानव जीवन के हर क्षेत्र में यथार्थवाद पर आधारित हैं। वह मानव जीवन की परिस्थितियों, आवश्यकताओं और  व भन्न हालात पर नज़र रखता है। इस सच्चाई से पर्दा उठाने के  लए हम इस यथार्थवाद को केवल दो क्षेत्रों के द्वारा स्वष्ट करेंगेः

## प्रथमः इबादतों के अन्दर इस्लाम का यथार्थवादः

इस्लाम कई वास्तवक एवं यथार्थानुरूप इबादतों के साथ आया है। क्योंक वह इन्सान के अत्मा की अल्लाह तआला से सम्पर्क स्थापत करने की प्यास को जानता है। इसलए उसपर ऐसी इबादतें फ़र्ज़ क़रार दिया है, जो उसकी प्यास को बुझाती, उस की तेज भूक को मटाती और उसके हृदय के

ख़ालीपन (रिक्तता) की पूर्ति करती हैं। किन्तु, उसने इन्सान की सीमित शक्ति को ध्यान में रखा है। इसीलिए, उसे किसी ऐसी चीज़ का बाध्य नहीं किया है, जो उसे कठिनाई और तंगी में डाल देः

﴿وَمَا جَعَلَ عَلَيۡكُمۡ فِي ٱلدِّينِ مِنۡ حَرَجٖۚ﴾[14]

“और दीन के मामले में उसने तुमपर कोई तंगी नहीं डाली है।”

**(क)** उदाहरणतः इस्लाम ने जीवन की वास्तविकता और ह़क़ीक़त तथा उसके ख़ानदानी, समाजी और आर्थिक परिस्थितियों और रोज़ी की तलाश में धरती के समतल और आसान रास्तों में भाग-दोड़ को ध्यान में रखा है। इसलिए मुसलमानों से इस बात का मुतालबा नहीं किया है कि वह पादरियों के समान गिरजाघरों में इबादत के लिए सारी चीजों से कटकर एकांत हो जायें। बल्कि यदि वह ऐसा करना चाहे, तब

[14] सूरह अल्-ह़ज्जः 78

भी उसे इस एकांत की अनुमति नहीं दी है। मुसलमान को कुछ ऐसी इबादतों का बाध्य कया है, जो उसे उसके रब (पालनहार) से जोड़ती तो हैं, परन्तु उसे उसके समाज से काटती नहीं हैं। उन (इबादतों) से वह अपनी आख़रत को आबाद तो करता है, परन्तु उनके पीछे अपनी दुनिया को बर्बाद नहीं करता। इस्लाम ने उनसे इस बात का मुतालबा नहीं कया है क वह जीवन भर रूहानियत की ख़ालस फ़ज़ा में ऊँची उड़ान भड़ते रहें, बल्कि रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने अपने कुछ साथयों से फ़रमायाः "एक घंटा और एक घंटा।"[15]

**(ख)** इस्लाम को इंसान के अन्दर उकताहट और उदासीनता की फ़तरत का ज्ञान है। इसलए उसने वभन्न प्रकार की इबादतों को अनिवार्य कया है। कुछ इबादतें शारीरिक हैं, जैसे नमाज़ और रोज़ा। कुछ इबादतों का सम्बन्ध माल से है, जैसे

---

[15] मुस्लिम

ज़कात और सदक़ा व ख़ैरात और तीसरी क़स्म की इबादतें वह हैं, जो माल और शरीर दोनों से सम्बन्धित हैं, जैसे ह़ज और उम्रा। कुछ इबादतों को दैनिक कया गया है, जैसे नमाज़। कुछ इबादतों को वार्षक या मौसमी क़रार दिया गया है, जैसे रोज़ा और ज़कात और कुछ को जीवन में केवल एक बार अनिवार्य कया गया है, जैसे ह़ज। फर जो व्यक्ति अधक भलाई और अल्लाह तआला की निकटता चाहता है, उसके लए ऐच्छिक इबादतों का द्वार खोल दिया गया है और नफली इबादतें करना वैध कर दिया गया है:

﴿فَمَن تَطَوَّعَ خَيْرًا فَهُوَ خَيْرٌ لَّهُ﴾[16]

“जो व्यक्ति अपनी इच्छा से नेकी और भलाई करना चाहे, तो वह उसके लए श्रेष्ठ है।”

[16] सूरह अल्-बक़राः 184

(ग) इस्लाम ने मनुष्य के आपातकालीन परिस्थितियों, जैसे यात्रा और बीमारी आदि को ध्यान में रखा है। इसी लए रुख़्सतों और आसानियों को वैध कया है, जो अल्लाह तआला को पसन्द है। उदाहरण स्वरूप, बीमार का अपनी शक्ति अनुसार बैठकर या पहलू के बल नमाज़ पढ़ना, ज़ख़्मी आदमी का यदि स्नान और वज़ू के लए पानी प्रयोग करना हानिकारक हो तो तयम्मुम करना, बीमार का रमज़ान में रोज़ा न रखना और बाद में अनिवार्य रूप से क़ज़ा करना, गर्भवति और दूध पलाने वाली महिलाओं का यदि उन्हें अपनी या अपने बच्चों की जान का भय हो तो रोज़ा न रखना तथा अधक आयु वाले बूढ़े व्यक्ति और बूढ़ी स्त्री का रोज़ा न रखना और हर दिन के बदले फ़द्या के रूप में एक मस्कीन (निर्धन) को खाना खलाना।

इसी प्रकार यात्री के लए चार रक्अत वाली नमाज़ों को क़स्र (कम) करना और ज़ुह्र

तथा अस्र एवं मग़्रब तथा इशा की नमाज़ों को जमा करके एक साथ पढ़ना, चाहे दोनों नमाज़ों को पहली नमाज़ के समय पढ़ी जाय अथवा दोनों को दूसरी नमाज़ के समय.....। यह सारी रुख़्सतें लोगों की वास्तवक स्थिति का लह़ाज़ करते हुए और उनकी नित-नयी और परिवर्तनशील परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गयी हैं। जैसे क रोज़े की आयत में अल्लाह तआला का फ़र्मान हैः

يُرِيدُ ٱللَّهُ بِكُمُ ٱلۡيُسۡرَ وَلَا يُرِيدُ بِكُمُ ٱلۡعُسۡرَ[17]

"अल्लाह तआला का इरादा तुम्हारे साथ आसानी का है, सख़्ती का नहीं।"

## द् वतीयः व्यवहार के अन्दर इस्लाम का वास्त वकतावादः

इस्लाम ने ऐसे वास्तवक अख़्लाक़ व व्यवहार को पेश कया है, जिसने जन-साधारण की साधारण शक्ति (क्षमता) को ध्यान में रखते हुए इन्सानी

[17] सूरह अल्-बक़राः 185

कमज़ोरी, इन्सानी जज़्बात और भौतिक तथा मानसिक आवश्यकताओं को स्वीकार किया है।

(क) उदाहरण के तौर पर इस्लाम ने इस्लाम में प्रवेश करने वाले पर यह अनिवार्य नहीं किया है कि वह अपनी धन-सम्पत्ति और रहन-सहन की चीज़ों का परित्याग कर दे, जैसा कि इन्जील मसीह़ के बारे में उल्लेख करता है कि उन्होंने अपनी पैरवी करने के इच्छुक लोगों से कहाः

"अपने माल-धन को बेच दो, फिर मेरे पीछे चलो।"

और न ही क़ुर्आन ने उस प्रकार की कोई बात कही है, जिस प्रकार इन्जील का कहना हैः

"धनी व्यक्ति आसमानों की बादशाहत में उस समय तक प्रवेश नहीं पा सकता, जब तक कि ऊँट सूई के नाके में प्रवेश न कर ले।"

